# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# CH.CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
**(NAAC A++ Accredited)**

पत्रांकः– शि0वि0 / 2025–26
दिनांक : 23.08.2025

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थानों में संचालित एम0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2025–27 में प्रवेश हेतु आवेदनकर्ता विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अभ्यर्थी जिनका बी0एड0 का परिणाम घोषित नहीं हुआ था, ऐसे विद्यार्थियों को बी0एड0 की अंकतालिका इत्यादि अपलोड करने हेतु विश्वविद्यालय एडमिशन पोर्टल दिनांक 24 / 08 / 2025 से 31 / 08 / 2025 तक खोला गया है। इससे सम्बन्धित प्रक्रिया निम्नवत होगी ।

(i) पूर्व पोर्टल जिस पर अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया गया था, पर जाकर अभ्यर्थी अपने login id तथा password के माध्यम से बी0एड0 की अंकतालिका तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र अपलोड कर सकते है ।

(ii) कम्प्यूटर जनित अंकतालिका अपलोड करने की दशा में अभ्यर्थी को आवंटित महाविद्यालय / संस्थान में अपनी बी0एड0 की मूल अंकतालिका प्रवेश के समय प्रस्तुत करनी होगी । अन्यथा की दशा में उसका प्रवेश संभव नहीं होगा ।

(iii) अन्तिम तिथि के पश्चात् कोई भी अंकतालिका तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र अपलोड नहीं की जा सकेगी और न ही भविष्य में कोई अवसर प्रदान किया जायेगा।

(iv) *निर्धारित तिथि 31.08.2025 (समय रात 12.00 बजे) तक अंकतालिका तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र वि0वि0 प्रवेश पोर्टल पर अपलोड न कर पाने की दशा में ऑनलाईन काउन्सिलिंग से वंचित अभ्यर्थियों का भविष्य में मेरिट तथा प्रवेश सम्बन्धी कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

संकायाध्यक्ष–शिक्षा
चौ0 चरण सिंह वि0वि0 मेरठ

प्रवेश समन्वयक / डी०एस०डब्लू०
चौ0 चरण सिंह वि0वि0 मेरठ